

## एक नजर में

### पूर्व कैबिनेट मंत्री सचिन यादव बड़वाह आए....



**बड़वाह, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कृषि मंत्री कसरावद के विधायक सचिन यादव शुक्रवार को बड़वाह आए। वयोवृद्ध कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह जी भाटिया के निवास पर स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों से कांग्रेस संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की। इसके पश्चात प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री नरेंद्र पटेल और स्थानीय कांग्रेस जनों के साथ नगर के शोक संतप्त परिवारों में श्रद्धांजलि व्यक्त करने पहुंचे। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष गोपालदास जी गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती प्रीति अनिल राय के पिताजी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष विष्णु वर्मा की माताजी, सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी विवेक भालके एवं उमर फारुख की धर्मपत्नी के निधन पर उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी। कांग्रेस जनों से भेंट के क्रम में सचिन यादव ने कांग्रेस नेता पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद मकसूद अली एवं प्रदीप सेठिया के पिताजी डी.एस. सेठिया जी के निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के कुशल क्षेम जाने। सौजन्य भेंट के लिए आए पूर्व कैबिनेट मंत्री सचिन यादव का परिजनों और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, वरिष्ठ नेता अशोक जैन, नीलेश रोकड़िया, रमिंदर सिंह भाटिया, सोहन शाह, अनिल राय, रवि यादव, विमल जैन, आशाराम ठाकुर, जनपद सदस्य संतोष मालवीय, पार्षद अनिल कानूनगो एवं मजहर अली, मंडलम अध्यक्ष राजू गौहर एवं शेख नौशाद, रवि जैन, इरफान शेख, जूजर अली, राकेश बारचे आदि कांग्रेस जन साथ थे।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण वर्ग के दो दिवसीय सत्र का समापन



**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह नगर और ग्रामीण मंडल के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण वर्ग के सत्र संपन्न हुए। इस अवसर पर संगठन की कार्यपद्धति, भारतीय जनता पार्टी की मूल विचारधारा एवं आगामी संगठनात्मक दायित्वों पर कार्यकर्ताओं को सारगर्भित मार्गदर्शन प्राप्त हुआ प्रशिक्षण वर्ग मे एक सत्र मे मन की बात और बूथ प्रबंधन पर कार्यकर्त्ता के साथ संवाद किया।ष भारतीय जनता पार्टी में संगठन सर्वोपरि की भावना के साथ कार्यकर्ता वैचारिक प्रतिबद्धता, अनुशासन एवं सेवा भाव को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से संगठनात्मक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक पार्टी की विचारधारा एवं सेवा कार्यों को प्रभावी रूप से पहुंचाने का संकल्प और दृढ़ हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग मे सांसद श्री ज्ञानश्वर जी पाटिल विधायक सचिन जी बिरला जिला महामंत्री प्रकाश जी पाटीदार पूर्व विधायक बाबुलाल जी महाजन दीपक सिंह ठाकुर भाजपा जिला मन की बात कै प्रभारी दिलीप जी जोशी जीतेन्द्र जी सुराणा महिम जी ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जी गुप्ता मंडल अध्यक्ष अंकित जी गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष जी पुराणीक जोगेन्दर सिंह जी भाटिया गावशिंदे वकील साहब चंद्रपाल सिँह तोमर और सभी भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे वर्ग का संचालन महामंत्री महेंद्र जी अमई और आभार मनोज जी चौहान मंडल उपाध्यक्ष ने किया।

### चैतन्य साधक परिवार समिति ने किया तीन दिवसीय श्री गीता रामायण सत्संग का आयोजन

**बड़वाह, निप्र।** अखिल भारतीय चैतन्य साधक परिवार समिति संपूर्ण लखनपुरा के द्वारा तीन दिवसीय श्री गीता रामायण सत्संग का आयोजन 7 अप्रैल से 09 अप्रैल तक ग्राम लखनपुरा में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। समिति के भारतसिंह नायक रतन नायक श्रवण पवार ने बताया कि ब्र.प.पू. संत श्री लक्ष्मण चैतन्य बापूजी के कृपापात्र शिष्य श्रद्धेय संत श्री गोपाल चैतन्यजी महाराज द्वारा श्री गीता रामायण सत्संग का प्रवचन अपने मुखागरबिंद से करेंगे।



**धूमधाम से निकली जाएगी शोभायात्रा:-** समिति के रामदास नायक कृष्णा नायक उप सरपंच कृष्णा चौहान ने बताया कि 07 अप्रैल मंगलवार को सुबह 8 बजे ग्राम लखनपुरा में भव्य शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जाएगी आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों के द्वारा गांव गांव जाकर ग्रामीण जनों से श्रद्धेय संत श्री गोपाल चैतन्यजी महाराज की अमृतवाणी का लाभ लेने की अपील कि।

### हादसों का झोन बन रहा मांगरूल रोड, दुकानदार सड़क तक जमा रहे सामान



**खरगोन, निप्र।** शहर का मांगरूल रोड़ इन दिनों एक्सीडेंट झोन में तब्दील होता नजर आ रहा है। यहां व्यावसियक प्रतिष्ठानों के साथ ही बिल्डिंग मटेरियल सामान के गोदाम एवं बिल्डिंग मटेरियल स्टॉक के अस्थायी भंडारण के चलते चौड़ी सड़कें अतिक्रमण की चपेट में आ गई है। इस मार्ग पर आए दिन होने वाले नजर अंदाज को यातायात विभाग का अमला भी नजर अंदाज करते नजर आ रहा है, जबकि इस मार्ग पर करीब आधा दर्जन स्कूलें, दो दर्जन से अधिक कॉलोनियां होने के बाद भी क्षेत्र से न तो अतिक्रमण हटाया जा रहा न ही दुकानदारों को अपनी हद में व्यापार करने की हिदायत दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि डायवर्सन रोड़ से मांगरूल रोड़ की ओर टर्न लेते ही दुकानों के बाहर पसरा सामान सड़क तक जमा नजर आ जाता है। इसके अलावा यहां ट्रांसपोर्ट, बल्डिंग मटेरियल सामान जैसे सीमेंट, सरिया के गोदाम होने से ट्रकों की आवाजाही दिनभर बनी रहती है। इतना ही नही यहां काली, बालू रेत के अस्थायी ठिकाने भी है, जहां दिनभर रेत से भरे भारी वाहनों की आवाजाही से हादसों का भय बना रहता है। यातायात विभाग सहित नगर पालिका अतिक्रमण हटाओ अमले सहित प्रशासन को इस क्षेत्र में व्यवस्था सुधार की कवायद करना जरूरी हो गया है।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा का विरोध, खड़े हुए हजारों शिक्षक


## शिक्षकों की आवाज को केंद्र सरकार तक पहुंचाएंगे और शिक्षकों का अहित नहीं होने देंगे : सांसद जगदंबिका पाल

**नवभारत न्यूज**

**बिस्टान, निप्र।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में रामलीला मैदान दिल्ली में कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश के विभिन्न राज्यों के 50 हजार से अधिक शिक्षकों ने मेगा रैली निकालकर शिक्षक पात्रता परीक्षा का विरोध किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के सांसद जगदंबिका पाल थे।

उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम देश के शिक्षकों की आवाज को यशस्वी प्रधानमंत्री तक पहुंचाएंगे और शिक्षकों का अहित नहीं होने देंगे। इस प्रदर्शन में राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव, उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीय, कृष्णराज राठौर, दीपक पटेल, आशीष कुशवाह, महेश पाटीदार भी सम्मिलित हुए। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश के हजारों शिक्षकों ने रामलीला मैदान दिल्ली पहुंच कर बता दिया कि शिक्षकों के साथ अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रैली में उपस्थित सभी शिक्षकों ने साफ कहा कि भर्ती के समय सरकार द्वारा जो भी नियम और योग्यता निर्धारित की उसे अर्जित करने के बाद ही सभी शिक्षक नियुक्ति पाये है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता थोपा जाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिक्षकों ने कहा कि उनकी नियुक्ति सरकार द्वारा की गई इसलिए उसकी सेवा शर्तों की सुरक्षा का दायित्व भी सरकार का है।





### पात्रता परीक्षा के विरोध में 8 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर रैली

अध्यापक, शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि जिले भर के शिक्षकों की जिला स्तरीय रैली 8 अप्रैल बुधवार को आयोजित की गई है। यह रैली सब्जी मंडी से होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचेगी जहां शिक्षक पात्रता परीक्षा की विरोध में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा।

**टी एफ आई के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष:-** डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता समाप्त किया जाए। जगदीश यादव ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा के खिलाफ बीते छह महीने से अधिक समय के दौरान शिक्षकों ने कई सांसद व केंद्रीय शिक्षा मंत्री व अन्य मंत्रियों से मुलाकात कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मद्देनजर शिक्षकों के समर्थन में कानून बनाने की मांग की। भारत के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों ने कहा कि कोर्ट का फैसला व्यावहारिक नहीं है। श्री यादव ने कहा कि शिक्षकों ने इस फैसले को अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि जिन शिक्षकों की उम्र अब 50 से 55 साल के बीच है और जिन्होंने 30-35 साल तक सेवा दी है। उनसे दोबारा इस तरह की परीक्षा देने की अपेक्षा करना गलत है। जैसे किसी पुलिस अधिकारी या जज से 20-30 साल बाद फिर से परीक्षा या शारीरिक परीक्षण नहीं लिया जाता, वैसे ही शिक्षकों के साथ भी ऐसा नहीं होना चाहिए।

# सोनखेड़ी में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई प्रज्ञा पुराण कथा

**कसरावद, निप्र।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में खरगोन जिले के कसरावद तहसील के ग्राम सोनखेड़ी (रायपुरा) में नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ और पावन प्रज्ञा पुराण कथा की शुरुआत शनिवार को भव्य कलश एवं सद्ग्रंथ शोभायात्रा के माध्यम से हुई। कलश यात्रा में आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु भाई-बहनों ने भाग लिया।

दंपतियों ने सिर पर सदग्रंथ और बहनों ने कलश धारण कर ग्राम में भ्रमण किया। युवाओं की टोलियां हम बदलेंगे युग बदलेगा और हम सुधरेंगे युग सुधरेगा के जयघोष से यात्रा में जनजागरण करते चल रहे थे। युवा बहनों की टोलियां गायत्री माता के सुमधुर भजनों से सबका मन मोह रही थीं। हाथ में पीली झंडियां लहराते बच्चे सनातन संस्कृति का उदघोष करते जा रहे थे। शोभायात्रा में गायत्री माता, राधा कृष्ण और राम दरबार की झांकियां सबके आकर्षण का केंद्र रही। पूरे गांव का भ्रमण कर यात्रा वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां देव पूजन और गायत्री माता की आरती हुई। शाम को 8:00 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण कथा प्रारंभ हुई। शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित टोली में सुमधुर संगीत रघुवीर पटेल, शिव राठौर, सत्यम धनगर, और कल्याण पाटीदार ने दिया। मुख्य कथा वाचक रामलाल पटेल ने पावन प्रज्ञा पुराण कथा के प्रथम दिन के संदेश में कहा कि कथा वह होती है जो मनुष्य की व्यथा को दूर करे, समस्याओं का समाधान करे और जीवन को श्रेष्ठ मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाए। पटेल ने कहा कि आज मनुष्य को सद्ज्ञान की आवश्यकता है। इससे व्यक्ति सत्कर्म करता है और उसका जीवन धन्य बनता है। इसलिए सद्ज्ञान की प्राप्ति के लिए सत्संग और कथा में जरूर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वासना, तृष्णा और अहंकार के कारण सारी समस्याएं आती है। इन समस्याओं के निवारण के लिए मनुष्य को अध्यात्म से जुड़ने की आवश्यकता होती है। कथावाचक पटेल ने कहा कि परोपकार करना सबसे बड़ा पुण्य है। सायंकालीन कथा में आसपास के गांवों रायपुरा, मकुंदपुरा, मथडाय, गौल, बामखल, सांगवी, उटावद, ओझरा, सावदा जावदा, बोरावा से सैकड़ों की तादाद में भाई बहनों ने भागीदारी की।





# विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी का 7 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शुरु



**महेश्वर, निप्र।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई दुर्गावाहिनी का 7 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रविवार से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय सह संयोजिका पिंकी दीदी पंवार, विहिप के मालवा प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, दुर्गावाहिनी की प्रांत संयोजिका ज्योतिप्रिया दीदी पुर्ण कालिक, प्रांत सह संयोजिका मातृशक्ति सरिता दीदी बाफना खरगोन थी।

सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा प्रभु श्री राम, भारत तथा माता दुर्गा माता के चित्र की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर वर्ग की शुरुवात की गई। सोमवार की सुबह 4:30 बजे उपस्थित बालिकाओं का जागरण होने के साथ ही योग व्यायाम शास्त्र शास्त्र लाठी चलाना इत्यादि का प्रशिक्षण भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में प्रारंभ होगा इन चयनित प्रशिक्षण साथियों को शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण विशेषज्ञ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा 12 अप्रैल तक दिया जाएगा।

# शहर की सुंदरता बढ़ाने लगे हेंगिंग गार्डन, गमले खराब, पौधे नदारद

**खरगोन, निप्र।** शहर की सफाई व्यवस्था को परखने के लिए जल्दी ही स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आएगी। शहर साफ-सुथरा और सुंदर हो इसकी कवायतें जारी हैं। इसी बीच सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए सालों पहले शहर में लगे हैंगिंग गार्डन दयनीय स्थिति में पहुंच गए हैं। जिन ढांचों पर यह गार्डन खड़े किए वह सड़ने लगे हैं। इसमें लगे गमले गायब हो गए हैं।

कुंदा फिर से जलकुंभी की मकड़जाल में है। कुल मिलाकर स्वच्छता को लेकर हो रही तैयारियां कमजोर नजर आ रही है। शहर में डायवर्शन रोड, सद्भावना मार्ग सहित अन्य स्थलों पर हैंगिंग गार्डन की स्थिति खराब है। लोहे के जिस ढांचे पर यह गार्डन खड़े किए हैं उनमें नीचे से सडन् लग गई है। जालीपुना हैंगिंग गार्डन पर टंगे प्लास्टिक के गमले या तो गायब हो गए हैं या खराब हो चुके हैं। शुरुआती दौर में जब यह हैंगिंग गार्डन शहर में लगाए तो हर किसी का ध्यान इनकी ओर गया। तरोताजा पौधे और हवा में लटकते गमले खूबसूरत नजर आते थे। हालांकि अफसरों का कहना है हेंगिंग गार्डन को दुरुस्त करेंगे। कुछ जगह सैल्फी पाइंट भी तैयार होंगे। स्वच्छता सर्वेक्षण 2017 में सौंदर्यीकरण की दिशा में की गई इस पहल पर भी नपा को अंक मिले थे। फिलहाल रखरखाव के अभाव में यह हैंगिंग गार्डन खराब हो चुके हैं।




**दुरुस्त कराएंगे व्यवस्था:-** जो हैंगिंग गार्डन खराब हो चुके हैं, उन्हें नए सीरे से दुरुस्त कराएंगे। स्वच्व्छता सर्वेक्षण की तैयारियां जारी है। जो कमियां हैं उसे दूर कर रहे हैं **-प्रकाश चित्ते, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर पालिका खरगोन**

# क्रांतिसूर्य जननायक टंट्या भील की जयंती पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**खरगोन, निप्र।** ग्राम कोठड़ा (झिरनिया) में क्रांतिसूर्य जननायक टंट्या भील के जन्म जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें टंट्या भील वंशजों कें द्वारा अखिल भारतीय सिरवी महासभा के पदाधिकारियों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सिरवी महासभा के पदाधिकारियों द्वारा टंट्या मामा मंदिर में पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात सभी सभी अतिथि पूर्ण प्रोटोकॉल के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां पर उनका स्वागत आदिवासी संस्कृति के अनुसार ढोल मांदल के साथ किया गया।

इसके बाद मंचासिन होने के बाद सभी अतिथियों का वंशजों द्वारा पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा टंट्या भील वंशज चौथी पीढ़ी सूरतिया जी सिरसाठे एवं किशोर जी सिरसाठे ने जिला उपाध्यक्ष सिरवी महासभा रामेश्वर जी हम्मड़ एवं युवा जिला राजनीतिक सचिव विशाल जी चोयल का स्वागत किया एवं हेमराज जी (5वी पीढ़ी), सुनील सिरसाठे (6ठी पीढ़ी) और जयटंट्याभील आदिवासी संगठन के पदाधिकारियो ने हरिदास जी स्मारक ट्रस्ट महासचिव दिलीप पटेल एवं वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश चोयल सुरपाला एवं भोपाल से पधारे अतिथि दिग्विजय सिंह ग्राम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश जी चांडक का स्वागत किया। रामेश्वर हम्मड़ ने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की कुंजी है उन्होंने सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का आव्हान किया। विशाल चोयल ने आव्हान किया कि वे शिक्षा, संगठन ओर संस्कृति से जुड़कर समाज को आगे बढ़ाए एवं कमलेश जी चांडक ने टंट्या भील के संघर्षों एवं उनकी समाज के प्रति कार्यों को याद किया। कार्यक्रम के अंत में ढोल मांदल की थाप पर अतिथियों एवं समाज जन ने नृत्य किया।



## एक नजर में

### अंबा में निकाली चुनरी यात्रा, माता को चुनरी अर्पित कर की सर्व कल्याण की कामना

# मां सबका कल्याण करो, अंबाजी पहुंची टेमला से निकली देवी शक्ति दर्शन यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर स्थित ग्राम टेमला से देवशक्ति एवं श्री सांवरिया सेठ दर्शन को निकला एक हजार महिलाओं का जत्था देवी अंबाजी मंदिर पहुंचा। देवी दर्शन यात्रा जत्थे का उत्साह देखते ही बन रहा है। महिलाओं ने गब्बर पर्वत के मनोहारी नजारे का आनंद लेने के बाद मंदिर परिसर में चुनरी यात्रा निकाली। चुनरी यात्रा की विशेषता रही की सभी महिलाएं और बालिकाएं लाल वस्त्रों में माता के दरबार में पहुंची।

निमाड़ी लोक गीत एवं भजनों गाते हुए मंदिर में प्रवेश किया। यहां आदिशक्ति के दर्शन कर चुनरी अर्पित करते हुए सर्व कल्याण की कामना की। यात्रा संयोजक नितीन पाटीदार ने बताया क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि, उन्नति की कामना को लेकर पूर्व कृषि राज्यमंत्री एवं खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार के गृहग्राम से यह धार्मिक यात्राएं निकाली जा रही है। गत माह प्रभू श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या दर्शन को यात्रा गई थी। दूसरे चरण में देवी दर्शन एवं सांवरिया जी सेठ दर्शन का सौभाग्य ग्रामवासियों को मिला है। श्री पाटीदार ने बताया कड़ाके की धूप और बस के सफर की थकान के बावजूद, भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। अटूट आस्था के भाव लिए जय माता, मैया भोली है, मन भक्त की मनुहार पूरी करती है, की कामना के साथ माता का आशीर्वाद लिया। माँ के दरबार में पहुंचते ही दिव्य शक्ति का अनुभव होता है। माता की विधिवत पूजन के बाद शिखर पर ध्वजा लहराने का सौभाग्य को भी जत्थे को मिला। उल्लेखनीय है कि ग्राम टेमला के श्रीकृण चैतन्य संकीर्तन मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम में तीर्थ दर्शन यात्राएं निकाली जा रही है। श्री पाटीदार ने बताया यह तीर्थ दर्शन यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नही, बल्कि सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि हर सनातनी को धार्मिक यात्रा में देवी-देवताओं के मंदिरों में दर्शन की लालसा मन में होती है। आज खरगोन जिले की मातृशक्ति के साथ जगत जननी माँ के दर्शन की कल्पना मात्र से ही मन में दिव्य ऊर्जा का संचार हुआ है। 4 दिवसीय इस यात्रा ने सेवा, समर्पण और समावेशिता का प्रेरक संदेश भी दिया है। उल्लेखनीय है कि अंबाजी मंदिर गुजरात के बनासकांठा जिले में अरावली पहाड़ियों के पास स्थित पवित्र और प्राचीन 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहाँ माता सती का हृदय गिरा था, इसलिए यहाँ मूर्ति के बजाय पवित्र 'श्री बीसा यंत्र' की पूजा होती है। मुख्य मंदिर के पास गब्बर पहाड़ी माता का मूल स्थान है, जहां श्रद्धालु 999 सीढ़ियां या रोपवे का उपयोग कर पहुंचते हैं। गब्बर पहाड़ी पर माता का प्राचीन मंदिर है, जहाँ एक अखंड ज्योत जलती है और 51 शक्तिपीठों की प्रतिकृतियां बनी हुई हैं। मंदिर में दिन में तीन रूपों में माताजी की पूजा होती है- सुबह माला स्वरूप, दोपहर यौवन और शाम को प्रौढ़ (वृद्धा) स्वरूप।

